# सीसीएल ने प्रवासी मजदूरों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया

विगत 30.05.2020 एवं 31.05.2020 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने स्पेशल श्रमिक ट्रेन से आवागमन करने वाले प्रवासी मज़दूरों, छात्रों और अन्य लोगो के बीच फूड पैकेट एवं पानी का बोतल वितरण किया। ये 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनें गुजरात एवं गोवा से झारखंड के हटिया–राँची रेलवे स्टेशन होते हुऐ देवघर जा रहे थे।

केंद्र सरकार ने देश के दूरदराज के इलाकों में फंसे मजदूरों, छात्रों और अन्य लोगों को उनके घर पहुँचाने के लिए 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेन चला रही है।

सीसीएल के महाप्रबंधक (प्रशाशन) डॉ. ए के सिंह, वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्री संजय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने दिनांक 30.05.2020 को 900 खाने के पैकेट और 900 पानी के बोतल एवं 31.05.2020 को 1200 खाने के पैकेट और 1200 पानी के बोतल राँची रेलवे स्टेशन के प्रबंधक को सौपा। रेलवे के माध्यम से खाने के पैकेट और पानी के बोतल प्रवासी मज़दूरों, छात्रों और अन्य लोगो के बीच वितरण किया गया ।



फूड पैकेट एवं पानी के बोतल के साथ सीसीएल कर्मी


प्रवासी श्रमिकों को फूड पैकेट वितरण करते हुये सीसीएल कर्मी

सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंधक निदेशक श्री गोपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन के नेतृत्व में सीसीएल अपने कर्तव्यों का पूरी संवदेनशीलता, सजगता और समर्पण के भाव से निर्वहन कर रहा है ।

कंपनी अपने सीएसआर के अंतर्गत राँची सहित बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा एवं लातेहार ज़िलों में निरंतर समाज के गरीब, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच सूखे राशन की आपूर्ति कर रहा है। बरका सयाल, अरगड़ा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध एवं अम्रपाली, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज आदि स्थानीय प्रशासन को लॉकडाउन के दौरान उपलब्ध कराया जा रहा है ।







**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**

दरभंगा हाउस, कचहरी रोड, राँची – 834029, (झारखण्ड)

TOLL FREE NO. 18003456501 सम्पर्क करें : @CCLRanchi @CentralCoalfieldsLtd centralcoalfieldltd Central Coalfields Limited www.centralcoalfields.in

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित (आंतरिक वितरण हेतु)


# अपनी बात


अंक : 556 वर्ष 42 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 मई, 2020


## मजदूर दिवस सादगी के साथ मनाया गया



फूलों से सजी हुई शहीद स्मारक

कोरोना महामारी ने हमारी जीवनशैली सहित हमारे उत्सव के तौर तरीके भी बदल दिए है। सीसीएल ने इस परिवर्तन को स्वीकारा भी है और इसका अनुपालन भी नियमानुसार कर रहा है। कम्पनी के बदले हुए इस नए अंदाज का जीवंत उदाहरण इस वर्ष के 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के अवसर पर देखा गया। हर वर्ष की भांति कम्पनी के कर्मियों ने दिवंगत कोयला कर्मियों को श्रद्धा सुमन के पुष्प अर्पित किये और साथ ही सीएमडी श्री गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में राँची शहर के विभिन्न स्थानों जैसे जगन्नाथपुर मंदिर, ओवरब्रिज, जवाहरनगर आदि पर गरीब परिवारों के बीच 300 खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किये। प्रत्येक खाद्य पैकेट में चावल, आटा, आलू, प्याज़, दाल, तेल व हल्दी आदि थी। मई दिवस समारोह तथा खाद्य सामग्री वितरण करते समय 'सोशल डिस्टेंसिंग', मास्क सहित अन्य आवश्यक निर्देशों का पालन अनुशासन के साथ किया गया। कार्यक्रम का सफल निर्वहन महाप्रबंधक (प्रशासन) डॉ ए के सिंह, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्री संजय कुमार, श्री राजू प्रसाद एवं अन्य द्वारा किया गया।

## सीसीएल ने खरीदे 7 वेंटिलेटर

कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाते तथा प्रभावित व्यक्तियों के जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने सात वेंटिलेटर खरीदे। इसमें तीन (3) आईसीयू और चार (4) पोर्टेबल वेंटीलेटर हैं। पोर्टेबल वेंटीलेटर का इस्तेमाल एम्बुलेंस व अस्पताल दोनों में किया जा सकता है। वेंटिलेटर्स का इस्तेमाल उन गंभीर कोविड–19 रोगियों की जान बचाने के लिए किया जाता है जिन्हे साँस लेने में परेशानी होती है। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज चल रहा है। यह कोल इण्डिया का पहला कोविड अस्पताल है। सीएमएस, गांधीनगर डॉ मंजू मिश्रा तथा उनकी टीम पूरी तन्मयता के साथ प्रशासन के द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन मरीजों का इलाज कर रही है।


सीसीएल में खरीदे गये वेन्टिलेटर

सीसीएल ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य को सुरक्षित रखने के लिए लगभग 3100 पीपीई कीट खरीदी है। सीसीएल ने समाज के जरूरतमंदो सहित अपने हितधारकों के बीच अब तक लगभग 1,32,245 मास्क वितरित किये हैं तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत अपने कमान क्षेत्र के लोगों के बीच में फूड पैकेट, सैनिटाइजर तथा अन्य जरूरत की चीजों का वितरण किया है।

# सीसीएल के कोरोना वारियर्स सम्मानित



गांधीनगर अस्पताल पर पुष्प वर्षा करते सेना के हेलीकॉप्टर

कोरोना महामारी के विरुद्ध इस महायुद्ध में आज पुरे विश्व के चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मी पहली पंक्ति में खड़े हैं। इन वीर योद्धाओं ने सम्पूर्ण मानव जाति की रक्षा करने की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने मजबूत कंधो पर उठा रखी है। विगत 03.05.2020 को भारतीय सेना के जांबाज जवान पूरे देश में ऐसे देवतुल्य कोरोना योद्धाओं पर पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया और यह सन्देश दिया की प्रत्येक भारतवासी इस परीक्षा के समय में आपके साथ खड़े हैं और आपके प्रति कृतज्ञ हैं। इसी कड़ी में गांधीनगर अस्पताल के कोविड वारियर्स पर भी भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर ने पुष्प वर्षा की। इस सम्मान से सेंट्रल कोल्फील्ड्स लिमिटेड के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर के कोरोना योद्धाओं चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मी न सिर्फ अभिभूत हुए बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ा।

कोरोना की गंभीरता को देखते हुए सभी सावधानियाँ बरती जा रही है। अस्पताल में प्रवेश करने के लिए क्रमशः कोरोना संक्रमित मरीजों, उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों व अन्य सभी के लिए तीन अलग अलग मार्ग बनाये गए हैं। सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सीसीएल मानव कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहा है।

# सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र में ओपीडी सेवाएँ शुरू




जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर

कोविड –19 महामारी के दौरान सीसीएल परिवारों को सुरक्षित रखते हुए एवं सभी जरूरतमंद व्यक्तियों को पर्याप्त चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए गांधीनगर अस्पताल ओपीडी सेवाएँ अब गांधीनगर कॉलोनी के प्रवेश द्वार के निकट स्थित जन आरोग्य केंद्र में निर्बाध रूप से दी जा रही हैं। ओपीडी सेवाएँ संबंधित चिकित्सक अब जन आरोग्य केंद्र में अपना सेवा दे रहे हैं और जरूरतमंद व्यक्ति आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

कोरोना वायरस से उत्पन्न इस वैश्विक महामारी के दौरान घोषित लॉकडाउन में जहाँ पूरा देश एक साथ खड़ा है, वहीं सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) अपने कर्तव्यों को पूरी संवदेनशीलता, सजगता और समर्पण के भाव से निर्वहन कर रहा है ।

# राजेंद्र सिंह जी के निधन से सीसीएल वृहद् परिवार को अपूर्णीय क्षति : सीएमडी, श्री गोपाल सिंह



बेरमो विधायक, सीसीएल वृहद् परिवार के वरीय सदस्य एवं श्रमिक संघ के वरिष्ठ नेता स्व. राजेंद्र सिंह जी के निधन से पूरा सीसीएल परिवार आहत है। उनके निधन से न सिर्फ सीसीएल अपितु पूरे कोयलांचल ने एक सच्चा शुभचिंतक व मार्गदर्शक खो दिया है। कोयला कर्मियों के हित के लिए कार्य करने के साथ साथ उन्होंने उनकी सुरक्षा, समस्याओं तथा कंपनी के उत्तरोत्तर विकास के लिए निरन्तर सीसीएल प्रबंधन के साथ कार्य किया। सीसीएल के सतत् विकास में उनका अतुलनीय योगदान रहा है।

स्व. राजेंद्र बाबू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि राजेन्द्र बाबू का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति की कामना करते हुए सीसीएल वृहद परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# कोविड –19 रोगियों का सीसीएल, रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल में उपचार



गांधीनगर अस्पताल से रवाना होते मरीज

सीसीएल, गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल सहित सीसीएल के रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल को कोविड–19 अस्पताल बनाया गया है। गांधीनगर और रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल सहित सीसीएल के दो और केंद्रीय अस्पताल झारखंड के कोरोना संक्रमित से सम्बंधित मामलों से निपटने के लिए तैयार हैं। सीसीएल के कोविड–19 केन्द्रीय अस्पतालों में ऑक्सीजन सपोर्ट बेड, लाइफ सपोर्ट के साथ एम्बुलेंस, चौबीसों घंटे पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्ट एवं अन्य सुविधायें सुनिश्चित की गयी हैं।

सरकार और सभी स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से, सीसीएल, अपने अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में कोविड–19 से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सा सेवाओं के साथ साथ विभिन्न माध्यम से जन सेवा कर रहा है । देश में कोरोना का प्रकोप बढ़ते ही सीसीएल की चिकित्सीय टीम सीएमडी श्री गोपाल सिंह की पहल पर अपनी तैयारियाँ मार्च माह से ही प्रारंभ कर दी थी।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल अस्पतालों में कोरोना के मरीजों का रिकवरी दर शत प्रतिशत है। भर्ती हुए कोरोना मरीजों को पूर्णतः स्वस्थ्य होने पर आवश्यक चिकित्सीय सलाह के साथ घर भेज दिया जाता है। हर मरीज को गिफ्ट हैम्पर एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया जाता है। सीसीएल के फ्रंट लाइन कोविड योद्धा यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोराना मरीजों का बेहतर से बेहतर ईलाज किया जा सके।

सीसीएल के सभी कर्मी अपने तमाम कार्य क्षेत्रों में विभिन्न जन कल्याण योजनाओं के अंतर्गत आम जन की सुविधा के लिए दिनरात कार्यरत हैं तथा कंपनी का उद्देश्य है कि इस महामारी में झारखण्ड के लोगों को कम–से–कम कष्ट हो।



मरीजों को विदा करते सीसीएल के कोराना योद्धा

# सीसीएल के कोरोना योद्धा कार्यस्थल पर लौटे



कार्यस्थल पर वापस लौटे गांधीनगर अस्पताल के कोरोना योद्धा

विगत 28.05.2020 को सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स समेत 16 "कोरोना योद्धा" क्वारंटाइन में रहने के उपरांत अपने कार्य स्थल पर लौटे। सीसीएल के चिकित्सीय टीम के पहले बैच के सभी सदस्य केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में स्थापित किये गए कोविड 19 वार्ड में 7 दिन (एक सप्ताह) तैनात थे और बाद में उन्हें 14 दिन क्वारंटाइन में होटल में रखा गया था तत्पश्चात सभी के रिपोर्ट्स नेगेटिव आने के बाद उन्हें उनके घर भेज दिया गया था। कंपनी के इन कोविड योद्धाओं ने कोरोना से ग्रसित मरीजों के ईलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन्हीं योद्धाओं के मेहनत का नतीजा है कि हमारे अस्पतालों में कोराना मरीजों का रिकवरी दर शत प्रतिशत है। टीम के सभी सदस्यों ने अपनी ड्यूटी वापस ज्वाइन करने पहुँचे तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें फूल, चॉक्लेट, मास्क एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस अवसर विशेष पर सीएमएस सीसीएल डॉ सी पी धाम, सीएमएस गांधीनगर अस्पताल डॉ मंजू मिश्रा, डॉ. रतनेश जैन, डॉ अंजना झा, डॉ बी रजक तथा सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्थापित एडवाइजरी बोर्ड के डॉ. बी एम के सिन्हा (सेवानिवृत्त), डॉ राकेश आर्या (सेवानिवृत्त), डॉ आर आर सिन्हा (सेवानिवृत्त) सहित अन्य डॉक्टर, नर्सेज, पैरामेडिकल स्टाफ एवम अन्य कर्मी उपस्थित रहे थे।